an>

Title: Regarding operating of new AIR INDIA flight from Raipur.

श्री लखन लाल साहू **(बिलासपुर):** महोदय, छत्तीसगढ़ में अभी जो विमान सेवा उपलब्ध है, मैं उसके बारे में माननीय विमानन मंत्री जी से आग्रह करूँगा। वर्तमान में दो कम्पनियों की फ्लाइट इंडिगो और जेट की शाम को चलती हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जेट कम्पनी की जो फ्लाइट है, उसको इसी महीने बन्द किया जा रहा है। मैं आपके माध्यम से विमानन मंत्री जी से माँग करता हूँ कि जेट कम्पनी के विमान की जगह पर एयर इंडिया का विमान शाम को चलाया जाए। छत्तीसगढ़ में केवल एक ही जगह रायपुर में एयरपोर्ट है। उस फ्लाइट से पूरे प्रदेश के लोग यात्रा करते हैं। यदि उस फ्लाइट को बन्द किया जाएगा तो बहुत असुविधा होगी। मैं निवेदन करता हूँ कि इस पर तुरन्त कार्रवाई करते हुए एयर इंडिया का विमान शाम को चालू किया जाए।